ndif]>

Title: Requests the Central Government to reconsider the decision to bring various companies including Indian Oil in the share market.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): महोदय, मैं सरकार के इस फैसले की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसमें सरकार ने अगले वर्ष के प्रारंभ में इंडियन ऑयल सहित कई कंपनियों के शेयर बाजार में उतारने का निर्णय लिया है। ऐसे समय में जब सारा शेयर बाजार मंदी के दौर से गुजर रहा है, विश्व के कई प्रमुख देशों की अर्थव्य वस्था चरमरा रही है। ऐसे भीषण मंदी के दौर में अपने देश की अत्यंत प्रमुख कंपनियों के शेयरों का विनिवेश करना उचित नहीं दिखाई देता। इन कंपनियों के शेयरों को मिट्टी के भाव बेच कर सरकार क्या करना चाहती है? इस प्रकार के विनिवेश से उपार्जित धन का उपयोग क्या होगा? इनके विनिवेश के निर्णय का आधार क्या है तथा इससे सरकार क्या अर्जित करना चाहती है? इन प्रश्नों पर बिना बहस हुए विनिवेश का निर्णय लेना लाज़िमी नहीं लगता। सरकार को ऐसे प्र मुख निर्णय और विनिवेश के समय का निर्धारण अत्यंत सतर्कता से करना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर हमारी प्रमुख कंपनियों की साख भी गिरेगी। यदि लोगों को इनके शेयरों के दाम ज्यादा लगेंगे और घाटे का सौदा प्रतीत होगा तो लोग अपनी गाढ़ी कमाई इन शेयरों में लगाना उपयुक्त नहीं समझेंगे। ऐसी स्थिति में देश की प्र मुख कंपनियों के दाम काफी निचले स्तर पर रहेंगे, यह निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।